॥ ॐ श्रीगणेशायनमः ॥

श्रीमन्महाभारतोक्तम्

श्रीदिव्यशिवसहस्रनामस्तोत्रम्

शिवपूजापञ्चाथर्वशीर्षदेविकालहरीत्यादिसमेतम्

189

सम्पादकः

डॉ० विहारीलालशास्त्रीवासिष्ठ

ज्योतिष विभागाध्यक्ष

श्रीरणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ

शास्त्रीनगर जम्मू तविषी ।

वितरकः प्रकाशकश्चः—

श्रीराम शर्म शास्त्री सङ्गोत्तरः

ज्योतिषाचार्यः B.ed.

श्रीरणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठम्

३०४-A शास्त्रीनगर जम्मू ।

मूल्यम्—सश्रद्धंभक्त्या नित्यपाठः

सं० २०५१ विक्रमी सन् 1994 ईस्वी

सहस्रास्यो नागः प्रभुरपि मतः पञ्चवदनः
षडास्यो हन्त्रैकस्तनय इतरो वारणमुखः ।
गृहे भैक्ष्यं शश्वत्प्रभवतु कथं वर्तनमिति
श्वसत्यां पार्वत्यामथ जयति शम्भुः स्मितमुखः ॥



श्रीगणेश जी, गौरीशंकर जी, श्रीकार्तिक जी

भारतीय संस्कृति में

श्री शुद्धमहादेव जी

मार्गे मार्गे निर्मलं ब्रह्मवृन्दं वृन्दे वृन्दे तत्वचिन्तानुवादः ।
वादे वादे जायते तत्वबोधो बोधे बोधे भासते चन्द्रचूडः ॥

भूमण्डल पर अनन्त सुन्दरातिसुन्दर देश विराजमान हैं। दूर २ से दर्शक असंख्यधनखर्च कर वहां पहुंचते हैं। किन्तु विष्णु-पुराण में लिखा है कि—

तत्रापि भारतं श्रेष्ठं जम्बुद्वीपे महामुने ।
यतो हि कर्मभूरेषा ततोऽन्या भोगभूमयः ॥

जिस प्रकार भारत में भगवान् की आस्था कण-कण में ईश्वर-सत्ता का विश्वास है ऐसा अन्यत्र सर्वत्र कहीं विश्वास नहीं। भारत का भावुक साकार परमात्मस्वरूप को प्रत्येक प्रतिमा में देखता है। भक्त उदारता लिये मूर्ति को चिन्मय स्वीकार करता है

प्रतिमामन्त्रतीर्थेषु दैवज्ञे भिषजे गुरौ ।
यादृशी भावना यस्य बुद्धिर्भवति तादृशी ॥

भगवान् शंकर तो अनादि, अनन्त हैं उनकी स्मृति में कुछ भी लिखना उनकी कृपा पर ही निर्भर है। स्मृति त्रिविधता भावना, बेग और संस्कार रूप में दार्शनिक स्वीकार करते हैं। भावना माता के दूध के रूप में है वेग पिता के प्रेम से एवं संस्कार अपने पूर्व जन्म से चले आते हैं। तीनों के प्रभाव से साधक भगवान् शंकर की कृपा का पात्र बनता है सृष्टि के आरम्भ में पितामह

ब्रह्मा ने मानसिक सृष्टि में सनकादि चार कुमारों की रचना की। उन्हें सृष्टि रचने का आदेश दिया तो उन्होंने आज्ञा को अस्वीकार कर दिया। ब्रह्माजी के क्रोध में भ्रूमध्य से वही रोष नीललोहित कुमार के रूप में प्रकट हुआ। वह भवस्वरूप रोने लगा अतः उनको रोने के कारण रुद्र कहा गया।

अतः श्रीकृष्ण गीता में—"रुद्राणां शंकरश्चास्मि"। एवं भागवत में—"रुद्राणां नीललोहित" विभूतियों में स्वीकार किया है। नीललोहित ही साक्षात् शंकर हैं।

मन्यु, मनु, महिनस, महान शिव, ऋतध्वज, उग्ररेता, भव, काल, वामदेव और धृतव्रत—ये एकादश रुद्र कहे गये हैं एवं उनके —हृदय, इन्द्रिय, प्राण आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र और तप। क्रमशः रुद्रों के एकादश स्थान हैं।

—धी, वृत्ति, उशना, उमा, नियुति, सर्पि, इला, अम्बिका इरावती, सुधा और दीक्षा—ये क्रमशः रुद्रों की एकादश पत्नी कहलाती हैं। ब्रह्माजी ने उन्हें सृष्टि रचना की आज्ञा दी स्वभावानुसार--प्रेत, पिशाच, भैरव, विनायक, यातुधान, डाकिनी, शाकिनी, कूष्माण्ड, वेताल, भूत, योगिनी आदि की उन्होंने रचना की। ब्रह्माजी ने उस विकराल सृष्टि से रोककर उनको तपका आदेश दिया। उस के पश्चात् दक्षने अपनी सती कन्या से विवाह कर दिया जिस का वर्णन पूर्वपीठिका में हो चुका है उसके वाद सती ने हिमालय की पुत्री बनकर शिव प्राप्ति के लिये घोर तपस्या की पत्ते खाना भी छोड़कर वह अपर्णा हुई। तारकासुर ने स्वर्ग पर अधिकार प्राप्त कर लिया ब्रह्मा से उसने वर प्राप्त कर

लिया था कि शिव का औरस पुत्र ही तारक का बध कर सकेगा। अतः देवताओं ने तपोलीन शिवजी के पास काम को भेजा तो वह भी भस्म हो गया। तभी से काम अनङ्ग हुआ काम के भस्म होने पर भी पार्वती जी की तपस्या सफल हुई। उमा के साथ शंकर जी का बिवाह सम्पन्न हुआ। भगवान् शिवजी के औरस पुत्र कार्तिक जी के हाथों तारकासुर का बध हुआ। पार्वती जी से सन्तुष्ट होकर शंकर जी ने उन्हें अपने आधे शरीर में ही स्थान दे दिया। और भगवान् शंकर अर्धनारीनरेश्वर बन गये। समुद्र मन्थन से विष उत्पन्न हुआ उसे शंकर जी पी गये तो वे नीलकण्ठ हो गये। चन्द्रमा निकला तो उसे शिवजी ने जटाजूट में बान्ध दिया इससे वे चन्द्रचूड़ हुए। मायावी मय ने स्वर्ण, रजत, और लोहे के तीन नगर बनाए। ये तीनों अपने पुत्रों को दे दिये वे तीनों आकाश में उडते रहते थे। उन्होंने इन्द्र को जीत कर स्वर्गपर आधिपत्य प्राप्त कर लिया। देवताओं ने भगवान् शंकर जी की शरणली। भगवान् शकर पिनाक हाथ में ले उनसे युद्ध करने लगे दैत्यों को मार २ कर पिछाडने लगे तो मयासुर ने एक कूप अमृत का बनाया जो अमृत से भरा था जो असुर मरते थे वे अमृत कूप में पड़कर पुनर्जीवित हो जाते थे। ये देख भगवान् बिष्णु ने गोरूप धारण कर सभी अमृत पी लिया। फिर भगवान् शंकरजी ने एक ही बाण से तीनों को धाराशायी कर दिया।

एक बार अन्धकासुर ने उमा को देख लिया तो उस पर मोहित हो उसके पीछे पड़ा तो शंकर ने उसके साथ युद्ध करते २ उसे त्रिशूल पर चढाकर घुमाना आरम्भ किया उस शरीर से भगवान् पर रुधिर बूंद पड़ी तो वह चीचिका देवी के रूप में बदल

गयी दूसरा रुधिर पुंज भूमि पर पड़ा उससे मंगल ग्रह की उत्पत्ति हुई। ये दोनों रुधिरपायी माने जाते हैं। भगवान् शंकर ने जब तक उसका रुधिर न समाप्त हुआ तब तक शूलपाणि बने उसे घुमाते रहे। रुधिर समाप्त होने पर वह शुद्ध होकर अन्धक प्रार्थना करने लगा तो उसे अपना भृंगीनामक गणनायक बना दिया अन्धक को शुद्ध करने से भगवान् ने उसे शुद्धान्धक कहकर पुकारा उस स्थान का नाम शुद्धमहादेव हो गया वहीस्वयं त्रिशूलपाणि भी कहे जाते हैं। अठारहवें महायुग में द्वापरान्त में कश्यप ने घोर तपस्या कर भगवान् शंकर को प्रसन्न किया तो भगवान् ने प्रसन्न होकर वर मांगने के लिये कहा तो उन्होंने मद्र देश की आपत्ति जनता की दुर्गति से रक्षा पाने का वर मांगा तो भगवान् अर्ध-नारीनरेश्वर के रूप में पार्वती को कहा कि आप देविका के रूप में नदी वन कर मद्र (डुग्र) देश का कल्याण करें। पार्वती ने भगवान् की आज्ञा शिरोधार्य कर प्रार्थना की कि मैं जहां-जहां नदी रूप बन कर चलूं वहीं २ आपभी साथ रहने चाहिये। शिवजी ने तथास्तु कहकर स्वीकार कर लिया। देविका सहस्रधारा से चलकर शुद्धिक्षेत्र में तविषी के साथ संगम के वाद लुप्त हो गयी। फिर प्रभासक्षेत्र ऊधमपुर से तविषी में समा गई फिर जन्द्राह इद्रपुरी में पुनः तविषी में संगम कर फिर सौरभसर और मानसर के उत्तर की ओर सुकोण में प्रकट होकर पुनर्लुप्त हो पुरमण्डल (इन्द्रक्षेत्र) में इन्द्रेश्वर, उमेश्वर, वीरेश्वर, खड्गेश्वर, विल्वकेश्वर भूतेश्वर, अविमुक्तेश्वर (काशीश्वर विश्वनाथ), गयेश्वर इन आठ तीर्थों में होती हुई उत्तर वाहिनी काशी प्रयाग गया गदाधर मन्दिर

के पास से होकर हर मन्दिर होती हुई विश्वन्तर (वेस्सन्तर) में बेणी संगम में जाकर लुप्त हो गई। इस प्रकार शुद्धमहादेव शुद्धि क्षेत्र में, कामेश्वर महादेव प्रभास क्षेत्र में; कोणश्वर महादेव सुकोण में एवं पुरमण्डल (इन्द्रक्षेत्र) में आठों महादेव विश्वन्तर देविका संगम में हरहर महादेव हरिमन्दिर में इस प्रकार ये मद्र में देविका नदी के तट पर द्वादशज्योतिर्लिङ्ग माने जाते हैं इसके अतिरिक्त असंख्य लिंग प्रतिमा सहस्रधारा से हरहर मन्दिर तक विराजमान हैं देविका २४ कोस लम्बाई और चार-चार कोस चौड़ाई में जितने कुएं तालाब, बावड़िएं, नाले पल्वल (छप्पड़) हैं वे सब देवका का रूप हैं। यहां मार्ग, फाल्गुन, चैत्र की शुक्ल कृष्ण चतुर्दशीतिथियों में तीन करोड़, पचास लाख साठ हजार तीर्थ स्नान करने के लिये आते हैं।

षष्टितीर्थ सहस्राणि तिस्रः कोटयोऽर्धकोटयः।
आयान्ति देविकातीर्थं मार्गे चैत्रे त्रिकेऽथवा॥

पद्मपुराण प्रभासखण्ड

ये संक्षिप्त शुद्धमहादेव देविका का कथासार, दिव्यशिव सहस्रनाम माला, पूर्वपीठिका सहित, पञ्चाथर्वशीर्ष, मृत्यंजय स्तोत्र, देविकालहरी, तृचाकल्प नमस्कार' पत्नी प्राप्ति अनुष्ठानादि लघुकायग्रन्थ में श्रीराम शास्त्री सङ्गोत्तरा ज्योतिषाचार्य जो ने प्रकाशित करके शिव भक्तजनों पर बहुत उपकार किया है भगवान् शंकर जी अवश्य इनकी मनः कामनाओं की पूर्ति करेंगे।

卐卐

श्रीसत्यनारायणरक्षास्तोत्रम्

औषधे पातु मां विष्णुः भोजनेऽव्याज्जनार्दनः ।
शयने पद्मनाभोऽव्याद् विवाहेऽव्यात्प्रजापतिः ॥
युद्धे चक्रधरो रक्षेत्प्रवासेऽव्यात्त्रिविक्रमः ।
नारायणस्तनुत्यागे श्रीधरः प्रियसंगमे ॥
दुःस्वप्ने पातु गोविन्दः संकटे मधुसूदनः ।
नृसिंहः कानने रक्षेज्जलशायी च पावके ॥
वराहो जलमध्येऽव्यात्पर्वते रघुनन्दनः ।
गमने वामनो रक्षेत्सर्वकार्येषु माधवः ॥
सत्यनारायणीं रक्षां दर्भी खड्गी तुली(हली)कृती ।
पठेदापद्विनिर्मुक्तः साक्षी नारायणः स्वयम् ॥

श्री सत्यनारायण रक्षा समाप्ता ।

ऋषि तर्पणी पर्व महोत्सव
श्रीविक्रम स० २०५१ भाद्र प्र० ६
श्रावण शुक्लपूर्णिमा रविवार
२३ श्रीरघुनाथपुरी जम्मू

सम्पादक: —
डा० विहारीलाल बासिष्ठ
अध्यक्ष ज्योतिषविभाग
श्रीरणवीर स० के० विद्यापीठ
३०४-A शास्त्रीनगर जम्मू-तविषी

पार्वती के रोष एवं खेद का निवारण करने के लिए भगवान शिव के द्वारा दक्षयज्ञ का विध्वंस किये हुए शिव सहस्रनाम स्तोत्र से सतुष्ट होकर महादेव जी का उन्हें वरदान देना। तथा उस स्तोत्र की महिमा।

।। शिवसहस्रनाम की पूर्वपीठिका ।।

जनमेजय जी वैशम्पायन जी से पूछते हैं। कि हे ब्रह्मन् वैवस्वत मन्वतर में प्रचेताओं के पुत्र दक्ष प्रजापति का अश्वमेध यज्ञ कैसे नष्ट हुआ, वैशम्पाय जी बोले प्राचीनकाल में हिमालय के समीपवर्ती हरिद्वार में (कनखल) ऋषि एव सिद्ध पुरुषों का निवास जानकर प्रजापति दक्ष ने अश्वमेध यज्ञ की योजना बनाई, वहां सभी देव, दानव, गन्धर्व, पिशाच, नाग, राक्षसादि, नारद, विश्वावसु, अफसरोगण, द्वादशादित्य, आठवसु, एकादशरुद्र, साध्य, इन्द्र सहित मरुद्गण, अग्निष्वात्तादि पितृगण, ब्रह्मासहित समग्र देवगण, अपनी पत्नियों सहित विमानों पर आते हुए दिखाई दिए, तब महर्षि दधीचि ने भगवान् शंकर को यज्ञ में अनुपस्थित जान ध्यान लगाकर देखा, भगवान् शंकर और जगन्माता पार्वती का दर्शन हुआ, और वहीं महात्मा नारद को देखकर योगवेत्ता दधीचि, अत्यन्त संतुष्ट हुआ, और बोला, हे यज्ञ में पधारने वाले देवऋषि पितृगण यहां पूज्यों की पूजा का त्याग और अपूज्य पुरुषों का सत्कार हो वहां अनन्त पापों का उदय होता है, भगवान् गौरीशंकर की अनुपस्थिति के कारण भगवान् शंकर अवश्य इस यज्ञ को नष्ट भ्रष्ट कर देंगे। दक्ष ने कहा हाथों में त्रिशूलधारण करनेवाले कई रुद्र यहां विराजमान हैं। उनके

अतिरिक्त मैं किसी महेश्वर को नहीं जानता। दधीचि बोले, कि यह आपका अपूर्ण निर्णय है, किन्तु मैं किसी को देवता नहीं समझता। अतः महादेव इस यज्ञ को नष्ट भ्रष्ट कर देंगे, दक्ष कहता है, कि मैंने समस्त सामग्री यज्ञ की उपस्थित करली है, आर भगवान् विष्णु ही यज्ञ स्वरूप हैं। यह उनके अर्पण की जाएगी। उधर कैलास में भगवती पार्वती अत्यन्त खिन्न होकर कह रही थी। कि मैं कौन सा व्रत दान या तप करूं जिसके प्रभाव से यज्ञ का भाग मेरे पति परमेश्वर शंकर भगवान् को प्राप्त हो, क्षुब्ध हुई परमप्रिया की पुकार सुनकर भगवान् शंकर हर्ष से खिलकर बोले हे देवी तू मुझे नहीं जानती, मैं सम्पूर्ण यज्ञों का नियन्ता हूं, मेरे विषय में कौन सा वचन उत्तम होगा, यह तुम नहीं जानती, यज्ञ में सभी देवता मेरी स्तुति करते हैं, देवी कहती हैं, कि स्त्री समाज में सभी गर्वपूर्ण भाषण करते हैं, इसमें तनिक भी संदेह नहीं। श्री महादेव जी कहते हैं, हे प्रिये ? मैं डींग नहीं हांक रहा हुं, जिस कारण आपको अत्यन्त खेद का अनुभव हुआ है। उस यज्ञ को नष्ट करने के लिए, जिस वीरपुरुष की सृष्टि कर रहा हूं, उसकी ओर भी दृष्टिपात करें। इतना कहते ही भगवान् शंकर के मुख से एक अद्भुत एव भयंकर प्राणी उत्पन्न हुआ, जो पार्वती के हर्ष का कारण बना। शिवजी महाराज ने उसको यज्ञ के विध्वंस करने की आज्ञा दी। और माता पार्वती के क्रोध से भी महाकाली ने उस वीरभद्र का साथ दिया। तो वीरभद्र के शरीर से भी अनन्त रौद्रगणों की उत्पत्ति हुई, जो साक्षात् शंकर रूप धारण किए थे, उनके प्रकोप से धरती कांप उठी, आंधी और तूफान से समुद्र भी क्षुब्ध हो गया। उस समय न आग, न सूर्य ग्रह

नक्षत्र चन्द्रमा, देवगण, ऋषिगण सभी छिप गए, और दक्ष से अपमानित रूद्रगण यज्ञ के सदस्यों को पीटने लगे, यज्ञ की सभी सामग्री को कुचलने लगे। दूध की नदियें भी खीर दही आदि की कीचड़ खांड शकर मिश्री चोनी का रेता और सभी षटरस गुड़ आदि उत्तमरसों की नहर बहने लगीं। खाद्य पदार्थों को खाते पीते और सभी यज्ञ के साधनों को भस्म करते जाते थे, तब दक्ष ने वीरभद्र से पूछा, हे देवाधिदेव आप कौन हैं। वीरभद्र ने कहा, हे ब्रह्मन ! मैं रूद्र हूं, न देवी, और नां ही मैं यज्ञ में निमन्त्रण खाने आया हूं, मैं महादेव जी के क्रोध से उत्पन्न वीरभद्र हूं और आपकी पुत्री जगन्माता पार्वती के क्रोध से भद्रकाली इन दोनों को भगवान शंकर ने आज्ञा देकर भेजा है। वीरभद्र के यह वचन सुनकर दक्ष अनेक प्रकार से स्तुति करने लगा, तत्क्षण भगवान् शंकर सहसा अग्निकुण्ड से प्रगट होकर मुस्कराकर बोले, कहिए मैं आपका कौन सा कार्य सिद्ध करूं। तत्क्षण देवमुख वृहस्पति ने महादेव जी की स्तुति करते हुए, यज्ञाध्याय का पाठ किया, और दक्ष दोनों नेत्रों से आंसुओं की धारा वरसाते हुए स्तुति करने लगे, हे देव ? मैं आपका अनुग्रह पात्र हूं, मेरे यज्ञ का सम्भार जो नष्ट भ्रष्ट हो गया है। वह व्यर्थ न हो, तो भगवान शंकर ने प्रसन्न होकर तथास्तु कह कर मनचाहा वर दे दिया, तो दक्ष घुटने टेक कर प्रणाम करता हुआ, सहस्रनाम द्वारा भगवान् की स्तुति करने लगा।

।। शिवरात्रिव्रतपूजासु ।।

।। प्रतिप्रहरमर्घ्यं चतुष्टयं प्रार्थनाश्च ।।

प्रथम प्रहरार्घ्यम्—शिवरात्रिव्रतं देव पूजाजपपरायणः ।
प्रथमार्घ्यं मयादत्तं गृहाण परमेश्वर ।।
प्रार्थना— नमो यज्ञ जगन्नाथ नमस्त्रिभुवनेश्वर ।
पूजां गृहाण मे नाथ प्रथमे प्रहरे कृताम् ।।१।।

द्वितीय प्रहरार्घ्यम्:—नमः शिवाय शान्ताय सर्वपाप हराय च ।
शिवरात्रौ द्वितीयार्घ्यं प्रसीद त्वमुमया सह ।।
प्रार्थनाः— नमोऽव्यक्ताय सूक्ष्माय नमस्ते त्रिपुरान्तक ।
पूजां गृहाण देवेश यथा शक्त्योपपादिताम् ।।२।।

तृतीय प्रहरार्घ्यम्:—दुःखदारिद्र्य शोकैश्च दग्धोऽहं पार्वतीपते ।
शिवरात्रौ तृतीयार्घ्यमुमाकान्त गृहाण मे ।।
प्रार्थनाः— बद्धोऽहं विविधैः पाशैः संसारभय बन्धनैः ।
पतितं मोहजाले मां त्वं समुद्धर शंकर ।।३।।

चतुर्थप्रहरार्घ्यम्:— मयाकृतान्यनेकानि पापानिहर शंकर ।
शिवरात्रौ तुरीयार्घ्यमुमाकान्त गृहाण मे ।
प्रार्थनाः— किं न जानासि देवेश तावद् भक्ति प्रयच्छ मे ।
स्वपादाग्रतले देव दास्यं देहि जगत्पते ।।४।।

क्षमापणस्तवः—त्वदालोकनमात्रेण पवित्रोऽस्मि न संशयः ।
संसारक्लेशदग्धस्य व्रतेनानेन शंकर ।।
रात्रौ जागरणेनाद्य चतुष्प्रहरार्चनेन च ।
प्रसीद सुमुखमुखैर्ज्ञानदृष्ट्या क्षमस्व माम् ।।

अथ शिवार्चनम्

गणेशपूजा—ॐ गणानान्त्वागणपति ँ हवामहेप्रियाणान्त्वाप्रियपति ँ हवामहे निधीनान्त्वा निधिपति ँ हवामहे वसो मम ।। आहमजानि गर्भधमा त्वमजासि गर्भधम् ।

प्रार्थना--ॐ गणानान्त्वा गणपतिं हवामहे कविं कवीनामुपश्रवस्तमम् ज्येष्ठराजं ब्रह्मणां ब्रह्मणस्पतऽआनः शृण्वन्नूतिभिः सीदसादनम् ।

गौरीपूजा— ॐ अम्बेऽअम्बिकेऽम्बालिके न मा नयति कश्चन । स सस्त्यश्वकः सुभद्रिकांकाम्पीलवासिनीम् ।।

प्रार्थना— ॐ गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी अष्टापदी नवपदी बभूवशी सहस्राक्षरा परमे व्योमन्

नन्दीश्वरपूजा— ॐ आयङ्गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरम्पुरः । पितरञ्च प्रयन्त्स्वः ।

प्रार्थना—ॐ प्रैतुवाजी कनिक्रदन्नानदद्रासभः पत्वा । भरन्नग्निम्पुरीष्यमा पाद्यायुषा पुरा ।

वीरभद्रपूजा--ॐ भद्रंकर्णेभिः शृणुयामदेवा भद्रम्पश्येमाक्षभिर्यजत्राः स्थिरै रङ्गैस्तुष्टुवा ँ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ।

प्रार्थना—ॐ भद्रो नो ऽअग्निराहुतोभद्रारातिः । सुभग भद्रो ऽअध्वरः । भद्राऽउत प्रशस्तयः ।

कार्तिकपूजनम्— ॐ यदक्रन्दः प्रथमञ्जायमान ऽउद्यन्त्समुद्रादुत वा पुरीषात् । श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहूऽउपस्तुत्यम्म-हिजातन्तेऽअर्वन् ।

प्रार्थना—ॐ यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखाऽइव ।
तन्नऽइन्द्रो बृहस्पतिरदितिः शर्मयच्छतु विश्वाहा शर्म यच्छतु ।

कुबेरपूजा—ॐ कुविदङ्गयववन्तो यवञ्चिद्यथा दान्त्यनु पूर्वं वियूय इहे हैषांकृणुहि भोजनानि ये वर्हिषो नमऽउक्ति यजन्ति ।

प्रार्थना--वयꣳसोमव्रते तव मनस्तनूषु विभ्रतः । प्रजावन्तः सचेमहि

कीर्तीमुख पूजा – असवे स्वाहा वसवे स्वाहा विभवे स्वाहा बिवस्वते स्वाहा गणश्रिये स्वाहा गणपतये स्वाहा विभवे स्वाहाधिपतये स्वाहा शूषाय स्वाहा सꣳसर्पाय स्वाहा चन्द्राय स्वाहा ज्योतिषे स्वाहा मलिम्लुचाय स्वाहा दिवापतये स्वाहा ।

प्रार्थना—ॐ ओजश्चमे सहश्चमऽआत्मा च मे तनूश्चमे शर्म च मे वर्म च मेङ्गानि च मे स्थीनि च मे परूꣳषि च मे शरीराणि च मऽआयुश्च मे जरा च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ।

आत्मनोऽङ्गन्यासः—या ते रुद्र शिवा तनूरघोरा पापकाशिनी । तया नस्तन्वाशन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि । **शिखायाम्**।

अस्मिन्महत्यर्णवेन्तरिक्षे भवा ऽ अधि ।
तेषाꣳसहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ।। **शिरसि** ।

असङ्ख्याता सहस्राणि ये रुद्रा ऽअधिभूम्याम् ।
तेषाꣳसहस्र योजनेव धन्वानि तन्मसि ।। **ललाटे** ।

वयꣳसोम व्रते तव मनस्तनूषु विभ्रतः ।
प्रजावन्तः सचेमहि ।। **भ्रुवोर्मध्ये**

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीयमामृतात् ॥ **नेत्रयोः ।**

अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा
अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा सूर्यो वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा ॥
ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा ॥ **तृतीयनेत्रे ॥**

नमः स्रुत्याय च पथ्याय च नमः काट्याय च नीप्याय च
नमः कुल्याय च सरस्याय च नमोनादेयाय च वैशन्ताय च
। **कर्णयोः ।**

मानस्तोके तनये मान ऽआयुषि मानो गोषु मानोअश्वेषुरीरिषः।
मानो वीरान्रुद्रभामिनोवधीर्हविष्मन्तः सदमित्वाहवामहे ।
। **नासिकयोः ।**

अवतत्य धनुष्ट्व ँ सहस्राक्ष शतेषुधे ।
निशीर्य शल्यानां मुखा शिवो नः सुमना भव ॥ **मुखे ।**

नमोवञ्चते परिवञ्चते स्तायूनाम्पतये नमो
नमो निषङ्गिणऽइषुधिमते तस्कराणाम्पतये नमो
नमः सृकायिभ्योजिघा ँसद्भ्योमुष्णताम्पतये नमो
नमो सिमद्भ्यो नक्तञ्चरद्भ्यो विकृन्तानाम्पतये नमः ।**ग्रीवायाम्**

नीलग्रीवाः शितिकण्ठा दिव ँरुद्रा उपश्रिताः ।
तेषां ँसहस्र योजनेव धन्वानि तन्मसि ॥ **कंठदेशे ॥**

नमस्त ऽआयुधायानातताय धृष्णवे ।
उभाभ्यामुत ते नमो बाहुभ्यान्तव धन्वने ॥ **बाह्वोः ॥**

ये तीर्थानि प्रचरन्ति सृकाहस्ता निषङ्गिणः ।
तेषा ँसहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ॥ **हस्तयोः ॥**

नमो ज्येष्ठाय च कनिष्ठाय च नमः पूर्वजाय चापरजाय च।
नमो मध्यमाय चापगल्भाय च नमो जघन्याय च॥ **अंगुलिषु**।

नमः पर्णाय च पर्णशदाय च नमऽ उद्गुरमाणाय चा-
भिघ्नते च नमऽआखिदते प्रखिदते च नमऽइषु कृद्भ्यो
धनुष्कृद्भ्यश्च वो नमो नमो वः किरिकेभ्यो देवानाँ हृदयेभ्यो-
नमो विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षिणत्केभ्यो नमऽआनिर्हतेभ्यः। **हृदये**

नमो गणेभ्यो गणपतिभ्यश्च वो नमो नमो व्रातेभ्यो व्रात
पतिभ्यश्च वो नमो नमो गृत्सेभ्यो गृत्सपतिभ्यश्च वो नमो
नमो विरूपेभ्यो विश्वरूपेभ्यश्च वो नमः॥ **पृष्ठे**।
विकिरिद्र विलोहित नमस्ते ऽअस्तु भगवः।
यास्ते सहस्रँ हेतयो ऽन्यमस्मन्निवपन्तुताः॥ **उदरे**॥

नमः शम्भवाय च मयो भवाय च नमः शकराय च।
मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च॥ **दक्षिणकुक्षौ**।
द्रापे ऽअन्धसस्पते दरिद्रं नीललोहित्तः। आसाम्प्रजानाम्मेषां
पशूनामाभेर्मा रोङ्मोचनः किंचनाममत्॥ **वामकुक्षौ**।
हिरण्य गर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक ऽआसीत्।
सदाधार पृथिवी-द्यामुतेमाङ्कस्मै देवाय हविषा विधेम॥ **नाभौ**।
मीढुष्टम शिवतम शिवो नः सुमना भव।
परमे वृक्ष ऽआयुधन्निधाय कृत्ति
वसान ऽआचर पिनाकम्बिभ्रदागहि॥ **कट्याम**।

शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्ते ऽअस्तुमामाहिँसीः।
निवर्त्तयाम्यायुषेन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय
सुवीर्याय॥ **लिंगे**॥

इमा रुद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय प्रभरा महेमतीः ।
यथा शमसदद्विपदे चतुष्पदे विश्वं पुष्टं ग्रामे ऽअस्मिन्ननातुरम् ।
। गुह्मे ।

इषे त्वोर्जेत्वा वायवस्थ देवो वः सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्म्मण ऽआप्या॒ध्वमघ्न्या ऽइन्द्राय भागम्प्रजावतीरनमीवा- ऽअयक्ष्मा मावस्तेन ऽईशत माघव ँ सोध्रुवा ऽअस्मिन् गोपतौ स्यात वह्वीर्यजमानस्य पशून्पाहि ॥ वृष्णयोः ।

मानो महान्तमुतमानोऽअर्भकम्मान ऽउक्षन्त मुतमानऽउक्षितम् ।
मानोवधीः पितरम्मोत मातरम्मानः प्रियास्तन्वो रुद्ररीरिषः ।
। ऊर्वोः ।

एषते रुद्रभागः सहस्वस्राम्बिकया तञ्जुषस्व ।
स्वाहैषते रुद्रभाग ऽआखुस्ते पशुः ॥ जान्वोः ।

नमो ज्येष्ठाय च कनिष्ठाय नमः पूर्वजाय चापरजाय च नमो मद्ध्य- माय चापगल्भाय च नमो जघन्याय च बुध्न्याय च ॥ जंघयोः ।

नमो ह्रस्वाय च वामनाय च नमो वृहते च वर्षीयसे च ।
नमो वृद्धाय च सवृधे च नमोऽग्र्याय च प्रथमाय च । गुल्फयोः ।

ये पथाम्पथि रक्षय ऽऐलवृदा ऽआयुर्युधः ।
तेषा ँ सहस्र योजने ऽव धन्वानि तन्मसि ॥ पादयोः ।

अद्ध्यवोचदधिवक्ता प्रथमो दैव्यो भिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वाश्च यातु धान्यो धराचीः परासुव ।
॥ कवचे ॥

नमो विल्मिने च कवचिने च नमो वर्मिणे च वरूथिने च नमः ।
श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमोदुन्दुभ्याय चाहनन्याय च । अस्त्र ।

दिज्यन्धनुः कपर्दिनों विशल्यो वाणवां २ उत ।
अनेशन्नस्य या इषव ऽआभुरस्य निषङ्गधिः ।। **धनुषि** ।।

यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखा ऽइव ।
तन्न ऽ इन्द्रो वृहस्पतिरदितिः शर्म यच्छतु ।। **बाणे** ।।

विकिरिद्द्रविलोहित नमस्ते ऽअस्तु भगवः ।
यास्ते सहस्र॑ँहेतयो ऽन्यस्मिन्निवपन्तु ताः ।। **खड्गे** ।।

य एता वन्तश्च भूया॑ँसश्च दिशो रुद्रा वितस्थिरे ।
तेषां॑ँसहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ।। **दिग्बधनम्** ।।

एव न्यासविधिं विधाय शिवोऽहम् इति भावयेत् ।
एवमेव शिवलिंगे ऽपि न्यासविधिं कुर्वीत् ।
ततः षोडशोपचारैः शिवार्चनं कुर्यात् ।

१. **ध्यानम्**--ध्यायेन्नित्य महेशं रजतगिरिनिभ चारुचन्द्रावतस
रत्नाकल्पोज्ज्वलाङ्ग परशुमृगवराभीति हस्तं प्रसन्नम्।
पद्मासीन समन्तात्स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्ति वसानं
विश्वाद्यं विश्ववन्द्य निखिलभयहर पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रम् ।।

आवाहनम्—मानो महान्तमुतमानो ऽअर्भकम्मान ऽउक्षन्तमुतमान ऽउक्षितम् । मानोवधीः पितरम्मोतमातरम्मानः प्रिया स्तन्वो रुद्ररीरिषः ।।

पुष्पासनम्—या ते रुद्रशिवातनूरघोरा पापकाशिनी ।
तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि ।।

पाद्यम्— यामिषुङ्गिरिशन्तहस्ते विभर्ष्यस्तवे ।
शिवाङ्गिरित्रताङ्कुरुमाहि॑ँसीः पुरुषञ्जगत् ।।

अर्घ्यम् — शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छावदामसि।
यथा नः सर्वमिज्जगदयक्ष्मꣳसुमना ऽअसत् ॥
आचमनम् अद्ध्यवो च दधिवक्ता प्रथमो दैव्यो भिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वाश्च यातु धान्यो धराचीः परासुव ॥
स्नानम्— असौ यस्ताम्रो ऽअरुण ऽउतबभ्रुः सुमङ्गलः ।
ये चैनꣳरुद्राऽअभितो दिक्षुश्रिताः सहस्रशो वैषाꣳहेडईमहे ॥
पयःस्नानम्— आप्या यस्व समेतु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम् ।
भवा व्वाजस्य सङ्गथे ॥
शुद्धस्नानम्—देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेश्विनोर्बाहुभ्यांम्पूष्णो हस्ताभ्याम्
दधिस्नानम् - दधिक्राब्णोऽअकारिषञ्जिष्णोरश्वस्य वाजिनः ।
सुरभिनो मुखाकरत् प्रणऽआयुꣳषि तारिषत् ॥
शुद्धस्नानम्— देवस्य त्वा सवितुः०
घृतस्नानम्--घृतवतीभुवनानाम भिश्रियोर्वी पृथ्वीमधुदुघे सुपेशसा ।
द्यावा पृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते ऽअजरे भूरिरेतसा ॥
शुद्धस्नानम्—देवस्यत्वा० असौ यस्ताम्रोऽअरुण ऽउतबभ्रुः सुमङ्गलः
ये चैनꣳरुद्राऽअभितोदिक्षुश्रिताः सहस्रशोऽवैषाꣳहेड ईमहे ॥
मधुस्नानम्— मधुवाताऽऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः । माध्वीर्नः
सन्त्वोषधीः । मधुनक्त मुतोषसो मधुमत्पार्थिवꣳरजः ।
मधुद्यौरस्तु नः पिता । मधुमान्नोवनस्पतिर्मधुमाऽऽअस्तुसूर्यः ।
माध्वीर्गावोभवन्तुनः ॥
शुद्धस्नानम्— ॐ शुद्धवालः सर्वशुद्धवालो मणिवालस्तऽआश्विना
श्येतःश्येताक्षोऽरुणस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णायामाऽअवलिप्ता

रौद्रा नभोरूपाः पार्जन्याः ।

शर्करा स्नानम्--स्वादुः पवस्वदिव्यायजन्मनः स्वादुरिन्द्रायसुहवी तु नाम्ने। स्वादुर्मित्राय वरुणाय वायवे बृहस्पतये मधुमां २ ऽअदाभ्यः ।।

शुद्धस्नानम्— असौयो० देवस्यत्वा०

तीर्थस्नानम्— उों पञ्चनद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः।
सरस्वती तु पञ्चधासो देशे भवत्सरित् ।

शुद्धस्नानम् उों शुद्धवालः सर्वशुद्धवालो मणिवालस्तऽआश्विनाः श्येतःश्येताक्षोऽरुणस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णायामाऽअवलिप्ता रौद्रा नभोरूपाः पार्जन्याः ।।

।। अभिषेक जलधारा ।।

उों नमस्ते रुद्रमन्यव ऽउतोतऽइषवे नमः। बाहुभ्यामुत ते नमः ।१।
याते रुद्र शिवा तनूरघोरा पापकाशिनो ।
तया न स्तन्वा शन्त मया गिरिशन्ताभि चाकशीहि ।२।
यामिषुंगिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे ।
शिवां गिरित्रतां कुरु माहिँसीः पुरुषं जगत् ।३।
शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छावदामसि ।
यथा नः सर्वमिज्जगद यक्ष्मँसुमनाऽअसत् ।४।
अध्यवो च दधिवक्ता प्रथमो दैव्योभिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वांश्च यातुधान्योधराचीः परासुव ।५।
असौ यस्ताम्रो ऽअरुणऽउतबभ्रुः सुमंगलः ।
ये चैन ँ रुद्राऽ अभितो दिक्षुश्रिताः सहस्रशो वंषाँ हेडऽईमहे ।६।

असौ योऽव सर्पति नीलग्रीवो बिलोहितः।
उतैन गोपाऽअदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्यः सदृष्टो मृडयाति नः ।७।
नमोऽस्तु नीलग्रीवाय सहस्राक्षाय मीढुषे ।
अस्य सत्वानोऽहन्तेभ्यो ऽकरन्नमः ।८।
प्रमुञ्च धन्वनस्त्वमुभयो रात्न्योर्ज्याम् ।
याश्च ते हस्तऽइषवः परासा भगवो वप ।९।
विज्यन्धनुः कपर्द्दिनो विशल्यो बाणवां २ ऽउत ।
अनेशन्नस्य याऽइषवऽआभुरस्य निषङ्गधिः ।१०।
याते हेतिर्मीढुष्टम हस्ते बभूव ते धनुः।
तयास्मान् विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परिभुज ।११।
परि ते धन्वनो हेतिरस्मान् वृणक्तु विश्वतः ।
याऽइषुधिस्तवारे ऽअस्मन्निध हितम् ।१२।
अवतत्य धनुष्ट्व ँ सहस्राक्ष शतेषुधे ।
निशीर्य शल्यानां मुखाशिवो नः सुमनाभव ।१३।
नमस्त ऽआयुधानाततात धृष्णवे ।
उभाभ्यामुत ते नमो बाहुभ्यां तव धन्वने ।१४।
मानो महान्तमुतमानोऽअर्भकं मान ऽउक्षन्तमुत मानऽउक्षितम् ।
मानोवधीः पितर मोत मातरं मानः प्रियास्तन्नो रुद्ररीरिषः ।१५।
मानस्तोके तनये मानऽआयुषि मानोगोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः।
मानो वीरान्रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे ।१६।

वस्त्रम्—ॐ सुजातो ज्योतिषा सहशर्म वरूथमासदत्स्वः ।
वासो ऽअग्ने विश्वरूप ँ संव्ययस्व विभावसो ॥

कटिवस्त्रम्— नमोस्तु नीलग्रीवाय सहस्राक्षाय मीढुषे ।

अथो ये ऽअस्य सत्वानो हन्तेभ्यो ऽकरन्नमः ।।

पुनराचमनीयम्—अद्ध्यवो च दधिवक्ता प्रथमो दैव्योभिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वांश्च यातु धान्यों धराचीः परासुव ।।

यज्ञोपवीतम्— प्रमुञ्च धन्वनस्त्वमुभयोरात्न्योंर्ज्याम् ।
याश्च ते हस्त ऽइषवः पराता भगवो वप ।।

गन्धः—युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य वृहतो विपश्चितः। विहोत्रा दधे वयुना विदेक इन मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः स्वाहा।

अक्षताः— अक्षन्नमीमदन्तह्यवप्रिया ऽअधूषत ।
अस्तोषतस्वभानवो विप्रानविष्ठयामती योजान्विन्द्रते हरी ।

पुष्पम्—विज्यन्धनुः कपर्द्दिनो विशल्यो वाणवां २ ऽउत ।
अनेशन्नस्य याऽइषव ऽ आभुरस्य निषङ्गधिः ।।

विल्वपत्रम्—नमो विल्मिने च कवचिने च नमो वर्मिणे च वरूथिने च नमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुभ्याय चाहनन्याय च ।।

पुष्पमाला—याते हेति र्मीढुष्टमहस्ते बभूव ते धनुः ।
तयास्मान्विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परिभुज ।।

सुगन्ध तैलं (अतरफुलेल)—अहिरिव भोगैः पर्येति बाहुज्यायां हेतिं परिबाधमानः। हस्तघ्नो विश्वा वयुनानि विद्वान्पुमान्पुमाँसम्परिपातु विश्वतः ।।

धूप— ओं नमः कपर्दिने च व्युप्तकेशाय च नमः सहस्राक्षाय च शतधन्वने च नमो गिरिशयाय च शिपिविष्टाय च नमो मीढुष्टमाय चेषुमते च ।।

दीप—परिते धन्वनो हेतिरस्मा वृणक्तु विश्वतः ।
अथो य ऽ इषुधिस्तवारेऽऽअस्मिन्निधेहि तम् ॥

नैवेद्यम् — अवतत्यधनुष्ट्व ँ सहस्राक्ष शतेषुधे ।
निशीर्य शल्यानां मुखो नः सुमना असत् ॥

आचमनम्— अद्ध्यवो च दधिवक्ता प्रथमो देव्योभिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वाश्च यातुधान्यो धराचीः परासुव ॥

मुखवास:— नमस्ते ऽआयुधायानातताय धृष्णवे ।
उभाभ्यामुतते नमो बाहुभ्यान्तव धन्वने ॥

ताम्बूलम् – नमः पर्णाय च पर्णशदाय च नमऽउदगुरमाणाय चाभिघ्नते नमः ऽआखिदते प्रखिदते च नमः इषुकृद्भ्यो धनुष्कृद्भ्यश्च वो नमो नमो वः किरिकेभ्यो देवाना ँ हृदयेभ्यो नमो विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षिणत्केभ्यो नम ऽआनिर्हतेभ्यः ।

दक्षिणा –हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रेभूतस्य जातः पतिरेक ऽआसीत् ।
स दाधार पृथिवीन्द्यामुतेमाङ्कस्मै देवाय हविषा विधेम ।

ध्यानम् – शुद्धस्फटिकसङ्काशं त्रिनेत्रं पञ्चवक्त्रकम् ।
गङ्गाधरं दशभुजं सर्वाभरणभूषितम् ॥
नीलग्रीवं शशांकांकं नागयज्ञोपवीतिनम् ।
व्याघ्रचर्मोत्तरीयं च वरेण्यमभयप्रदम् ॥
कमण्डल्वक्षसूत्राभ्यामन्वितं शूलपाणिनम् ।
ज्वलन्तं पिंगलजटं शिखमुद्योत कारिणम् ॥
अमृतेनाप्लुतं हृष्टमुमादेहार्द्ध धारिणम् ।
दिव्यसिंहासनासीनं दिव्यभोगसमन्वितम् ।

दिग्देवतासमायुक्तं सुरासुरनमस्कृतम् ।।
नित्यं च शाश्वतं शुद्धं ध्रुवमक्षरमव्ययम् ।
सर्वव्यापिनमीशानमेवं वै विश्वरूपिणम् ।।
गौरीं चतुर्भुजां चण्डीं त्रिनेत्रां मुकुटोज्वलाम् ।
पद्मदर्पणहस्तां च वरदाभयहस्तकाम् ।।
दिव्यवस्त्रपरीधानां दिव्यालङ्कारभूषिताम् ।
प्रसन्नवदनां ध्यायेच्छिवोत्सङ्गे तु वामतः ।।
एवं ध्यात्वा द्विजः सम्यक् ततो यजनमारभेत् ।।

पुष्पोदकेनतर्पणम्—ॐ भव देवं तर्पयामि। ॐ शर्वं देवं तर्पयामि ॐ ईशान देवं तर्पयामि। ॐ पशुपतिदेवं तर्पयामि। ॐ रुद्रं देवं तर्पयामि। ॐ उग्रं देवं तर्पयामि। ॐ भीमं देवं तर्पयामि। ॐ महान्तं देवं तर्पयामि। ॐ देव देवं तर्पयामि। ॐ ज्येष्ठाय नमः। पुनराचमनीयम्। ॐ श्रेष्ठाय नमः। मधुपर्कः। मधुपर्कं गृहाणेश सर्वदा मधुपर्कः। मधुपर्क प्रदानेन प्रीतोभव महेश्वर। ॐ कालाय नमः गन्धः। ॐ कलविकरणाय नमः पुष्पाणि। ॐ सर्वभूतदमनाय नमो धूपः। ॐ मनोन्मनाय नमः दीपः। ॐ भवोदभवाय नमो नैवेद्यम्।

पुष्पाञ्जलयः— ॐ भवाय देवाय नमः। ॐ शर्वाय देवाय नमः। ॐ ईशानाय देवाय नमः। ॐ पशुपतये देवाय नमः। ॐ रुद्राय देवाय नमः। ॐ उग्राय देवाय नमः। ॐ भीमाय देवाय नमः। ॐ महते देवाय नमः। ॐ देव देवाय नमः। ॐ भवस्य देवस्य पत्न्यै नमः। ॐ शर्वस्य देवस्य पत्न्यै नमः। ॐ ईशानस्य देवस्य पत्न्यै नमः। ॐ पशुपतेर्देवस्य पत्न्यै नमः। ॐ रुद्रस्य

देवस्य पत्न्यै नमः। ओं उग्रस्य देवस्य पत्न्यै नमः। ओं भीमस्य देवस्य पत्न्यै नमः। ओं महतो देवस्य पत्न्यै नमः। ओं देव देवस्य पत्न्यै नमः। ओं अघोरेभ्यो ऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः। सर्वेभ्यः सर्वशर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः। ओं तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्। ओं शर्वाय क्षितिमूर्तये नमः। ओं उग्राय वायुमुर्तये नमः। ओं महादेवाय सोम मूर्तये नमः। ओं ईशानाय सूर्य मूर्तये नमः। एवं सम्पूज्य ततः सहस्रघटैः स्नपनम्।

ॐ श्रीगणेशायनमः ★

॥ श्रीमहाभारतोक्तम् ॥

॥ अथ श्रीशिवसहस्रनामस्तोत्रम् ॥

अस्य श्रीसदाशिवस्य दिव्यसहस्रनाम मालामन्त्रस्य भगवान् वेदव्यास ऋषिः । अनुष्टुप्छन्दः । श्री सदाशिव परमेश्वरो देवता । श्रीभगवतः साम्बसदाशिव प्रीत्यर्थे सहस्रनामस्तोत्रजपे विनियोगः ॥

अथ ध्यानम्

शान्तं पद्मासनस्थं शशधरमुकटं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रं,
शूलं वज्रं च खड्गं परशुमभयदं दक्षिणाङ्गे वहन्तम् ।
नागं पाशं च घण्टां डमरुक सहितं सांकुशं वामभागे ।
नानालंकार युक्तं स्फटिकमणि निभं पार्वतीशं नमामि ॥

युधिष्ठिर उवाच

यैर्नामधेयैः स्तुतवान् दक्षो देवं प्रजापतिः ।
वक्तुमर्हसि मे तात श्रोतुं श्रद्धा ममानघ ।१।

युधिष्ठिर ने पूछा— तात ! निष्पाप पितामह ! प्रजापति दक्ष ने जिन नामों द्वारा महादेव जी की स्तुति की थी, उनका मुझसे वर्णन कीजिये। उन्हें सुनने के लिये मेरे हृदय में बड़ी श्रद्धा है।१।

भीष्म उवाच

श्रूयतां देवदेवस्य नामान्यद्भुतकर्मणः ।
गूढव्रतस्य गुह्यानि प्रकाशानि च भारत ।२।

भीष्म जी कहते हैं— भरतनन्दन ! अद्भुत कर्म करने वाले गूढ व्रतधारी देवाधिदेव महादेव जी के कुछ नाम गोपनीय हैं और कुछ प्रकाशित हैं। तुम उन सबको सुनो ।२।

नमस्ते देवदेवेश देवारिबलसूदन ।
देवेन्द्रबलविष्टम्भ देवदानवपूजित ।३।

(दक्ष बोले)—देवदेवेश्वर ! आपको नमस्कार है। आप देववैरी दानवों की सेना के संहारक और देवराज इन्द्रकी शक्ति को भी स्तम्भित करने वाले हैं। देवता और दानव-सबने आपकी पूजा की है ।३।

सहस्राक्ष विरूपाक्ष त्र्यक्ष यक्षाधिपप्रिय ।
सर्वतः पाणिपादान्त सर्वतोऽक्षिशिरोमुख ।४।

आप सहस्रों नेत्रों से युक्त होने के कारण सहास्रक्ष हैं। आपकी इन्द्रियां सबसे विलक्षण अर्थात परोक्ष विषय को भी प्रत्यक्ष करनेवाली हैं, इसलिए आपको विरूपाक्ष कहते हैं। आप त्रिनेत्र-धारी होने के कारण त्र्यक्ष कहलाते हैं। यक्षराज कुबेर के भी आप प्रिय (इष्टदेव) हैं। आपके सब ओर मुख हैं ।४।

सर्वतःश्रुतिमंल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठसि ।
शङ्कुकर्ण महाकर्ण कुम्भकर्णार्णवालया ।५।

आपके कान भी सब ओर हैं। संसार में जो कुछ है, सबको व्याप्त करके आप स्थित हैं। शङ्कुकर्ण, महाकर्ण, कुम्भकर्ण, अर्णवालय,— ।५।

गजेन्द्रकर्णं गोकर्णं पाणिकर्णं नमोऽस्तु ते ।
शतोदर शतावर्त शतजिह्व नमोऽस्तु ते ।६।

गजेन्द्रकर्ण, गोकर्ण और पाणिकर्ण ये सात पार्षद आपके ही स्वरूप हैं। इन सब के रूप में आपको नमस्कार है।

आपके सैकड़ों उदर, सैकड़ों आवर्त और सैकड़ों जिह्वाएं होने ने के कारण आप क्रमशः शतोदर, शतावर्त और शतजिह्व नाम से प्रसिद्ध हैं। आपको प्रणाम है। ।६।

गायन्ति त्वा गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः ।
ब्रह्माणं त्वा शतक्रतुमूर्ध्वं खमिव मेनिरे ।७।

गायत्री-मन्त्र का जप करने वाले द्विज आपकी ही महिमा का गान करते हैं और सूर्योपासक सूर्य के रूप में आपकी ही आराधना करते हैं। ऋषिगण आपको ही ब्रह्मा, शतक्रतु इन्द्र और आकाश के समान सर्वोच्च पद मानते हैं ।७।

मूर्तौ हि ते महामूर्ते समुद्राम्बरसंनिभ ।
सर्वा वै देवता ह्यस्मिन् गावो गोष्ठ इवासते ।८।

समुद्र और आकाश के समान अपार, अनन्त रूप धारण करने वाले महामूर्तिधारी महेश्वर ! जैसे गोशाला में गौएं निवास करती हैं, उसी प्रकार आपकी भूमि, जल, वायु, अग्नि, आकाश,

सूर्य चन्द्रमा एवं यजमानरूप आठ प्रकार की मूर्तियों में सम्पूर्ण देवताओं का निवास है।८।

मवच्छरीरे पश्यामि सोममग्नि जलेश्वरम् ।
आदित्यमथ वै विष्णुं ब्रह्माणं च बृहस्पतिम् ।६।

मैं आपके शरीर में सोम, अग्नि, बरुण, सूर्य, विष्णु, ब्रह्मा तथा बृहस्पति को भी देख रहा हूं।६।

भगवान् कारणं कार्यं क्रिया करणमेव च ।
असतश्च सतश्चैव तथैव प्रभवाप्ययौ ।१०।

आप ही कारन, कार्य, क्रिया (प्रयत्न) और करण हैं। सत् ओर असत् पदार्थों की उत्पत्ति और प्रलय के स्थान भी आप ही हैं ।१०।

नमो भवाय शर्वाय रुद्राय वरदाय च ।
पशूनां पतये नित्यं नमोऽस्त्वन्धकघातिने ।११।

आप सबके उद्भवका स्थान होने से भव, संहार करने के कारण शर्व, 'रु' अर्थात पाप एवं दुःख को दूर करने से रुद्र, वरदाता होने से बरद तथा पशुओ (जीवों) के पालक होने के कारण सदा पशुपति कहलाते हैं आपने हीं अन्धकासुर का वध किया है, इसलिये आपका नाम अन्धकघाती है। आपको बारंबार नमस्कार है ।११।

त्रिजटाय त्रिशीर्षाय त्रिशूलवरपाणिने ।
त्र्यम्बकाय त्रिनेत्राय त्रिपुरघ्नाय वै नमः १२।

आप तीन जटा और तीन मस्तक धारण करने वाले हैं। आपके हाथ में श्रेष्ठ त्रिशूल शोभा पाता है। आप त्र्यम्बक, त्रिनेत्रधारी तथा त्रिपुरासुरका विनाश करने वाले हैं। आपको नमस्कार है ।१२।

नमश्चण्डाय कुण्डाय अण्डायाण्डधराय च ।
दण्डिने समकर्णाय दण्डिमुण्डाय वै नमः ।१३।

आप दुष्टों पर अत्यन्त क्रोध करने के कारण चण्ड हैं। कुण्ड में जल की भांति आपके उदर में सम्पूर्ण जगत् स्थित है । इस लिए आपको कुण्ड कहते हैं। आप अण्ड (ब्रह्माण्डस्वरूप) और अण्डधर (ब्रह्माण्डको धारण करने वाले) हैं। आप दण्डधारी (सब को दण्ड देने वाले) और समकर्ण (सब का समान रूप से सुनने वाले) हैं। दण्डधारण करके मूंड़ मुंड़ानेवाले सन्यासी भी आपके ही स्वरूप हैं, इस लिये आपका नाम दण्डिमुण्ड है। आपको नमस्कार है ।१३।

नमोर्ध्वदंष्ट्रकेशाय शुक्लायावतताय च ।
विलोहिताय धूम्राय नीलग्रीवाय वै नमः ।१४।

आपकी दाढें बड़ी-बड़ी और सिर के बाल ऊपर की ओर उठे हुए हैं, इस लिए आप ऊर्ध्वदंष्ट्र तथा ऊर्ध्वकेश कहलाते हैं। आप ही शुक्ल (विशुद्ध ब्रह्म) और आप ही अवतत (जगत् के रूप में विस्तृत) हैं। आप रजोगुण को अपनाने पर विलोहित और तमोगुण का आश्रय लेने पर धूम्र कहलाते हैं। आपकी ग्रीवा में नीले रंग का चिह्न है, इसलिए आपको नीलग्रीव कहते हैं। आपको नमस्कार है ।१४।

नमोऽस्त्वप्रतिरूपाय विरूपाय शिवाय च ।
सूर्याय सूर्यमालाय सूर्यध्वजपताकिने ।१५।

आपके रूप की कहीं भी समता नहीं है, इसलिए आप अप्रतिरूप हैं। विविध रूप धारण करने के कारण आपका नाम विरूप है। आप ही परम कल्याणकारी शिव हैं। आप ही सूर्य हैं, आप ही सूर्यमण्डल के भीतर सुशोभित होते हैं। आप अपनी ध्वजा और पताका पर सूर्य का चिह्न धारण करते हैं। आपको नमस्कार है ।१५।

नमः प्रमथनाथाय वृषस्कन्धाय धन्विने ।
शत्रुदमाय दण्डाय पर्णचीरपटाय च ।१६।

आप प्रमथगणों के अधीश्वर हैं। वृषभ के कन्धों के समान आपके कंधे भरे हुए हैं। आप पिनाक धनुष धारण करते हैं। शत्रुओं का दमन करने वाले और दण्डस्वरूप हैं। किरात या तपस्वी के रूप में विचरते समय आप भोजपत्र और वल्कलवस्त्र धारण करते हैं। आपको नमस्कार है ।१६।

नमो हिरण्यगर्भाय हिरण्यकवचाय च ।
हिरण्यकृतचूडाय हिरण्यपतये नमः ।१७।

हिरण्य (सुवर्ण) को उत्पन्न करने के कारण हिरण्यगर्भ कहलाते हैं। सुवर्ण के ही कवच और मुकुट धारण करने से आपको हिरण्यकवच और हिरण्यचूड़ कहा गया है। आप सुवर्ण के अधिपति हैं। आपको सादर नमस्कार है ।१७।

नमः स्तुताय स्तुत्याय स्तूयमानाय वै नमः ।
सर्वाय सर्वभक्षाय सर्वभूतान्तरात्मने ।१८।

जिनकी स्तुति हो चुकी है, वे आप हैं। जो स्तुति के योग्य हैं, वे भी आप हैं और जिनकी स्तुति हो रही है, वे भी आप ही हैं। आप सर्वस्वरूप, सर्वभक्षी और सम्पूर्ण भूतों के अन्तरात्मा हैं। आपको बारंबार नमस्कार है।१८।

नमो होत्रेऽथ मन्त्राय शुक्लध्वजपताकिने ।
नमो नाभाय नाभ्याय नमः कटकटाय च ।१९।

आप ही होता और मन्त्र हैं। आपको नमस्कार है। आपकी ध्वजा और पताका का रंग श्वेत है। आपको नमस्कार है। आप नाभ (नाभि में सम्पूर्ण जगत् को धारण करने वाले), नाभ्य (संसार-चक्र के नाभि-स्थान) तथा कट-कट (आवरण के भी आवरण) हैं। आपको नमस्कार है।१९।

नमोऽस्तु कृशनासाय कृषाङ्गाय कृशाय च ।
संहृष्टाय विहृष्टाय नमः किलकिलाय च ।२०।

आपकी नासिका कृश (पतली) है, इसलिये आप कृशनस कहलाते हैं। आपके अवयव कृश होने से आपको कृशाङ्ग तथा शरीर दुबला होने से कृश कहते हैं। आप अत्यन्त हर्षोल्लास से परिपूर्ण, विशेष हर्षका अनुभव करने वाले और हर्ष की किल-किल ध्वनि हैं। आपको नमस्कार है।२०।

नमोऽस्तु शयमानाय शयितायोत्थिताय च ।
स्थिताय धावमानाय मुण्डाय जटिलाय च ।२१।

आप समस्त प्राणियो के भीतर शयन करनेवाले अन्तर्यामी पुरुष हैं। प्रलयकाल में योगनिद्राका आश्रय लेकर सोते और सृष्टि के प्रारम्भकाल में कल्पान्त निद्रा से जागते हैं। आप ब्रह्मरूप से सर्वत्र स्थित और कालरूप च सदा दौड़नेवाले हैं। मूंड़ मुंड़ानेवाले संन्यासी और जटाधारी तपस्वी भी आपके ही स्वरूप हैं। आपको नमस्कार है ।२१।

नमो नर्तनशीलाय मुखवादित्रवादिने ।
नाद्योपहारलुब्धाय गीतवादित्रशालिने ।२२।

आपका ताण्डव-नृत्य बराबर चलता रहता है। आप सुख से शृङ्गी आदि बाजे बजाने में कुशल हैं। कमलपुष्प की भेंट लेने के लिये सदा उत्सुक रहते हैं। गाने और बजाने की कला में तत्पर रह कर आप बड़ी शोभा पाते हैं। आपको प्रणाम है ।२२।

नमो ज्येष्ठाय श्रेष्ठाय बलप्रमथनाय च ।
कालनाथाय कल्याय क्षयायोपक्षयाय च ।२३।

आप अवस्था में सब से ज्येष्ठ और गुणों में भी सब से श्रेष्ठ हैं। आपने बल नामक दैत्यको इन्द्ररूप से मथा डाला था। आप काल के भी नियन्ता और सर्वशक्तिमान् हैं। महाप्रलय और अवान्तर-प्रलय भी आप ही हैं। आपको नमस्कार है।२३।

भीमदुन्दुभिहासाय भीमव्रतधराय च ।
उग्राय च नमो नित्यं नमोऽस्तु दशबाहवे ।२४।

प्रभो ! आपका अट्टहास भयंकर शब्द करनेवाली दुन्दुभि के समान जान पड़ता है । आप भीषण व्रत को धारण करने वाले हैं । दस भुजाओं से सुशोभित होनेवाले उग्ररूपधारी आपको मेरा नित्य बारंवार नमस्कार है ।२४।

नमः कपालहस्ताय चितिभस्मप्रियाय च ।
विभीषणाय भीष्माय भीमव्रतधराय च ।२५।

आपके हाथ में कपाल है । चिताका भस्म आपको बहुत प्रिय हैं । आप सबको भयभीत करनेवाले और स्वयं निर्भय हैं तथा शम-दम आदि तीक्ष्ण व्रतों को धारण करते हैं । आप को नमस्कार है ।२५।

नमो विकृतवक्त्राय खड्गजिह्वाय दंष्ट्रिणे ।
पक्वाममाँसलुब्धाय तुम्बीवीणाप्रियाय च ।२६।

आपका मुख विकृत है । जिह्वा खड्ग के समान है । आपका मुख दाढ़ों से सुशोभित होता है । आप कच्चे-पक्के फलोंके गुद्दे के लिये लुभायमान रहते हैं । तुम्बी और वीणा आपको विशेष प्रिय हैं । आपको प्रणाम है ।२६।

नमो वृषाय वृष्याय गोवृषाय वृषाय च ।
कटंकटाय दण्डाय नमः पचपचाय च ।२७।

आप वृष (वृष्टिकर्ता), वृष्य (धर्म की वृद्धि करनेवाले), गोवृष (नन्दी) और वृष (धर्म) आदि नामों से प्रसिद्ध हैं। कटंकट नित्य गतिशील), दण्ड (शासक) और पचपच (सम्पूर्ण भूतों को पचाने वाला काल) भी आपके ही नाम हैं। आपको नमस्कार है।२७।

नमः सर्ववरिष्ठाय वराय वरदाय च ।
वरमाल्यगन्धवस्त्राय वरातिवरदे नमः ।२८।

आप सबसे श्रेष्ठ वरस्वरूप और वरदाता हैं। उत्तम वस्त्र, माल्य और गन्ध धारण करते हैं तथा भक्त को इच्छानुसार एवं उससे भी अधिक वर देनेवाले हैं। आपको प्रणाम है।२८।

नमो रक्तविरक्ताय भावनायाक्षमालिने ।
सम्भिन्नाय विभिन्नाय छायायातपनाय च ।२९।

रागी और विरागी-दोनों जिनके स्वरूप हैं, जो ध्यानपरायण, रुद्राक्ष की माला धारण करनेवाले, कारणरूप से सब में व्याप्त और कार्यरूप से पृथक्-पृथक् दिखाई देनेवाले हैं तथा जो सम्पूर्ण जगत् को छाया और धूप प्रदान करते हैं, उन भगवान् शंकर को नमस्कार है ।२९।

अघोरघोररूपाय घोरघोरतराय च ।
नमः शिवाय शान्ताय नमः शान्ततमाय च ।३०।

जो अघोर, घोर और घोर से भी घोरतर रूप धारण करने वाले है तथा जो शिव, शान्त एवं परमशान्तरूप हैं, उन भगवान्

शंकर को मेरा बारंबार नमस्कार है।३०।

एकपाद्बहुनेत्राय एकशीर्ष्णे नमोऽस्तु ते ।
रुद्राय क्षुद्रलुब्धाय संविभागप्रियाय च ।३१।

एक पाद, अनेक नेत्र और एक मस्तकवाले आपको प्रणाम है। भक्तों की दी हुई छोटी-से-छोटी वस्तु के लिये भी लालायित रहनेवाले और उसके बदलेमें उन्हें अपार धनराशि बांट देनेकी रुचि रखनेवाले आप भगवान् रुद्र को नमस्कार है।३१।

पञ्चालाय सिताङ्गाय नमः शमशमाय च ।
नमश्चण्डिकघण्टाय घण्टायाघण्टघण्टिने ।३२।

जो इस विश्व का निर्माण करनेवाले कारीगर, गौरवर्ण के शरीरवाले तथा सदा शान्तरूप से रहनेवाले हैं, जिनकी घण्टाध्वनि शत्रुओं को भयभीत कर देती है तथा जो स्वयं ही घण्टानाद और अनाहतध्वनि के रूप में श्रवणगोचर होते हैं उन महेश्वरको प्रणाम है।३२।

सहस्राध्मातघण्टाय घण्टामालाप्रियाय च ।
प्राणघण्टाय गन्धाय नमः कलकलाय च ।३३।

जिनके मन्दिर में लगे हुए घण्टों को सहस्रों आदमी बजाते हैं, घण्टों की माला जिन्हें प्रिय है, जिनके प्राण ही घण्टा के समानध्वनि करते हैं, जो गन्ध और कोलाहलरूप हैं, उन भगवान् शिव को नमस्कार है।३३।

हूंकारपाराय हूंहूंकारप्रियाय च ।
नमः शमशमे नित्यं गिरिवृक्षालयाय च ।३४।

आप हूं (क्रोध), हूं (हिंकार), हूं (आकाश, सूर्य और ईश्वर) इन सबसे परे विद्यमान शान्तस्वरूप परब्रह्म हैं, 'हूं'हूं' करना आपको प्रिय लगता है, आप 'शान्त रहो' शान्त रहो, ऐसा कहकर सदा सबको आश्वासन देने वाले हैं तथा पर्वतों पर और वृक्षों के नीचे निवास करते हैं। आपको प्रणाम है।३४।

गर्भमांससृगालाय तारकाय तराय च ।
नमो यज्ञाय यजिने हुताय प्रहुताय च ।३५।

आप फलके भीतर के गुद्देरूप मांसके प्रलोभी शृगालरूप हैं। आप ही सब को तारनेवाले तथा तरण-तारण के साधन हैं। आप ही यज्ञ और आप ही यजमान हैं। आप ही हुत (हवन) और आप ही प्रहुत (अग्नि) हैं। आपको नमस्कार है।३५।

यज्ञवाहाय दान्ताय तप्यायातपनाय च ।
नमस्तटाय तटघाय तटानां पतये नमः ।३६।

आप ही यज्ञ के निर्वाहक अथवा उसे सब देवताओं तक पहुंचाने वाले अग्निदेव हैं। आप मन और इन्द्रियों को वश में रखने वाले हैं। आप ही भक्तों का कष्ट देखकर संतप्त होनेवाले तथा शत्रुओं को सन्ताप देनेवाले हैं। आप ही तट हैं। आप ही तटवर्ती नदी आदि हैं तथा आप ही तटों के पालक है। आपको नमस्कार है।३६।

अन्नदायान्नपतये नमस्त्वन्नभुजे तथा ।
नमः सहस्रशीर्षाय सहस्रचरणाय च ।३७।

आप ही अन्नदाता, अन्नपति और अन्न भोक्ता हैं। आपके सहस्रों मस्तक और सहस्रों चरण हैं। आपको बारंबार प्रणाम है।३७।

सहस्रोद्यतशूलाय सहस्रनयनाय च ।
नमो बालार्कवर्णाय बालरूपधराय च ।३८।

आप अपने सहस्रों हाथों में सहस्रों शूल लिये रहते हैं। आपके सहस्रों नेत्र हैं। आपकी अङ्गकान्ति प्रातःकालीन सूर्य के समान देदीप्यमान है। आप बालकरूप धारण करनेवाले हैं। आपको नमस्कार है ।३८।

बालानुचरगोप्ताय बालक्रीडनकाय च ।
नमो वृद्धाय लुब्धाय क्षुब्धाय क्षोभणाय च ।३९।

आप श्रीकृष्णरूप से संगी-साथी बालकों के रक्षक तथा बालकों के साथ खेल करनेवाले हैं। आप सबकी अपेक्षा वृद्ध हैं। भक्ति और प्रेमके लोभी हैं। दुष्टों के पापाचार से क्षुब्ध हो उठते हैं और दुराचारियों को क्षोभ में डालनेवाले हैं। आपको नमस्कार है ।३९।

तरङ्गाङ्कितकेशाय गुञ्जकेशाय वै नमः ।
नमः षट्कर्मतुष्टाय त्रिकर्मनिरताय च ।४०।

आपके केश गङ्गाके तरङ्गों से अङ्कित तथा गुञ्ज के समान हैं। आपको नमस्कार है। आप ब्राह्मणों के छः कर्म-अध्ययन-अध्यापन, यजन-याजन तथा दान और प्रतिग्रह से संतुष्ट रहते हैं; स्वयं यजन, अध्ययन और दानरूप तीन कर्मों में ही तत्पर रहते हैं। आपको मेरा प्रणाम है ।४०।

वर्णाश्रमाणाँ विधिवत् पृथक्कर्मनिर्वर्तिने ।
नमो घुष्याय घोषाय नमः कलकलाय च ।४१।

आप वर्ण और आश्रमों के भिन्न-भिन्न कर्मोंका विधिवत् विभाग करनेवाले, जपनीय मन्त्ररूप, घोषस्वरूप तथा कोलाहलमय हैं। आपको बारंबार नमस्कार है ।४१।

श्वेतपिङ्गलनेत्राय कृष्णरक्तेक्षणाय च ।
प्राणभग्नाय दण्डाय स्फोटनाय कृशाय च ।४२।

आपके नेत्र श्वेत और पिङ्गलवर्ण के हैं, काले और लाल रंगके हैं। आप प्राणवायु (श्वास) को जीतनेवाले, दण्ड (आयुध) रूप, ब्रह्माण्डरूपी घटको फोड़नेवाले तथा कृश-शरीरधारी हैं। आपको नमस्कार है ४२।

धर्मकामार्थमोक्षाणां कथनीयकथाय च ।
सांख्याय सांख्यमुख्याय सांख्ययोगप्रवर्तिने ।४३।

धर्म, अर्थ काम तथा मोक्ष देनेके विषय में आपकी कीर्ति-कथा वर्णन करने के योग्य है। आप सांख्यस्वरूप, सांख्ययोगियों में प्रधान तथा सांख्यशास्त्रको प्रवृत्त करनेवाले हैं। आपको प्रणाम है ।४३।

नमो रथ्यविरथ्याय चतुष्पथरथाय ।
कृष्णाजिनोत्तरीयाय व्यालयज्ञोपवीतिने ।४४।

आप रथपर बैठकर तथा बिना रथ के भी घूमनेवाले हैं।

जल, अग्नि, वायु तथा आकाश-इन चारों मार्गों पर आपकी गति है। आप काले मृगचर्म को दुपट्टे की भांति ओढ़नेवाले तथा सर्पमय यज्ञोपवीत धारण करनेवाले हैं। आपको प्रणाम है।४४।

ईशान वज्रसंघात हरिकेश नमोऽस्तु ते।
त्र्यम्बकाम्बिकनाथाय व्यक्ताव्यक्त नमोऽस्तु ते।४५।

ईशान! आपका शरीर वज्र के समान कठोर है। हरिकेश! आपको नमस्कार है। व्यक्ताव्यक्तस्वरूप परमेश्वर! आप त्रिनेत्रधारी तथा अम्बिका के स्वामी हैं। आपको नमस्कार है।४५।

काम कामद कामघ्न तृप्तातृप्तविचारिणे।
सर्व सर्वद सर्वघ्न संध्याराग नमोऽस्तु ते।४६।

आप कामस्वरूप, कामनाओं को पूर्ण करनेवाले, कामदेव के नाशक, तृप्त और अतृप्त का विचार करनेवाले, सर्वस्वरूप, सब कुछ देनेवाले, सबके संहारक और संध्याकाल के समान रंगवाले हैं। आपको प्रणाम है।४६।

महाबल महाबाहो महासत्त्व महाद्युते।
महामेघचयप्रख्य महाकाल नमोऽस्तु ते।४७।

महाबल! महाबाहो! महासत्त्व! महाद्युते! आप महान् मेघों की घटाके समान रंगवाले महाकाल स्वरूप हैं। आपको नमस्कार है।४७।

स्थूल जीर्णाङ्ग जटिले वल्कलाजिनधारिणे ।
दीप्तसूर्याग्निर्जटिले बल्कलाजिनवाससे ।४८।

आपका श्रीविग्रह स्थूल और जीर्ण है । आप जटाधारी हैं। वल्कल और मृगचर्म धारण करते हैं। देदीप्यमान सूर्य और अग्नि के समान ज्योतिर्मयी जटा से सुशोभित हैं। वल्कल और मृगचम ही आपके वस्त्र हैं ।४८।

सहस्रसूर्यप्रतिम तपोनित्यं नमोऽस्तु ते ।
उन्मादन शतावर्त गङ्गातोयार्द्रमूर्धज ।४९।

आप सहस्रों सूर्यों के समान प्रकाशमान और सदा तपस्या में संलग्न रहनेवाले हैं। आपको नमस्कार है। आप जगत को उन्माद (मोह) में डालनेवाले हैं। आपके मस्तक पर गङ्गाजी की सैकड़ों लहरें और भंवरें उठती रहती हैं। आपके केश सदा गङ्गाजल से भीगे रहते हैं ।४९।

चन्द्रावर्त युगावर्त मेघावर्त नमोऽस्तु ते ।
त्वमन्नमन्नभोक्ता च अन्नदोऽन्नभुगेव च ।५०।

आप चन्द्रमा को क्षय-वृद्धि के चक्कर में डालने वाले हैं। आप ही युगों की पुनरावृत्ति करनेवाले और मेघों के प्रवर्तक हैं। आपको नमस्कार है। आप ही अन्न, अन्न के भोक्ता, अन्नदाता, अन्नका भोजन करनेवाले ।५०।

अन्नस्रष्टा च पक्ता च पक्वभुक्पवनोऽनलः ।
जरायुजाण्डजाश्चैव स्वेदजाश्च तथोद्भिजाः ५१।

अन्नस्रष्टा, पाचक, पक्वान्नभोजी, प्राणवायु तथा जठराग्नि रूप हैं। एवं जरायुज, अण्डज, स्वेदज तथा उद्भिज आप ही हैं।५१।

त्वमेव देवदेवेश भूतग्रामश्चतुर्विधः ।
चराचरस्य स्रष्टा त्वं प्रतिहर्ता तथैव च ।५२।

देवदेवेश्वर! ये चार प्रकार के प्राणिसमूह आप ही हैं। ब्रह्मवेत्ताओं में श्रेष्ठ! आप ही चराचर जीवों की सृष्टि तथा संहार करनेवाले हैं।५२।

त्वामाहुर्ब्रह्मविदुषो ब्रह्म ब्रह्मविदां वर ।
मनसःपरमा योनिः खं वायुर्ज्योतिषां निधिः।५३।

ब्रह्मज्ञानी पुरुष आपही को ब्रह्म कहते हैं। वेदवादी विद्वान् आपको ही मनका परम कारण, आकाश, बायु, तेज की निधि है।५३।

ऋक्सामानि तथोङ्कारमाहुस्त्वां ब्रह्मवादिनः ।
हायिहायिहुवाहायिहावुहायि तथासकृत् ।५४।

ऋक् साम तथा ॐकार बताते हैं। सुरश्रेष्ठ! सामगान करनेवाले वेदवेता पुरुष 'हा ३ यि, हा ३ यि, हु ३ वा, हा ३ यि, हा ३ वु, हा ३ यि, आदिका बारंबार उच्चारण करते हैं।५४।

गायन्ति त्वां सुरश्रेष्ठ सामगा ब्रह्मवादिनः ।
यजुर्मयो ऋङ्मयश्च त्वमाहुतिमयस्तथा ।५५।

सामवेदी निरन्तर आपकी ही महिमा का गान करते हैं। यजुर्वेद और ऋग्वेद आपके ही स्वरूप हैं। आपही हविरूप हैं ।५५।

त्वमेव मेघसंघाश्च विद्युत्स्तनितगर्जितः ।
पठ्यसे स्तुतिभिश्चैव वेदोपनिषदां गणैः ।५६।

मेघों की घटा, बिजली, गर्जना और गड़गड़ाहट भीआप ही हैं। वेदों और उपनिषदों के समूह अपनी स्तुतियों द्वारा आपकी ही महिमा का प्रतिपादन करते हैं ।५६।

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा वर्णावराश्च ये ।
संवत्सरस्त्वमृतवो मासो मासार्धमेव च ।५७।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा अन्त्यज-ये आपके ही स्वरूप हैं संवत्सर, ऋतु, मास, पक्ष, भी आप ही हैं ।५७।

युगंनिमेषाः काष्ठास्त्वं नक्षत्राणि ग्रहाःकलाः ।
वृक्षाणाँ ककुदोऽसित्वं गिरीणाँ शिखराणि च ।५८।

युग. निमेष, काष्ठा, नक्षत्र, ग्रह और कला भी आप ही हैं वृक्षों में प्रधान वट पीपल आदि. पर्वतो में उनके शिखर हैं ।५८.

व्याघ्रो मृगाणाँ पततां ताक्ष्योऽनन्तश्च भोगिनाम् ।
क्षीरोदो ह्युदधीनां च यन्त्राणां धनुरेव च ।५९।

वन-जन्तुओं में व्याघ्र, पक्षिवों में गरुड तथा सर्पों में अनन्त आप ही हैं। समुद्र में क्षीरसागर, यन्त्रों (अस्त्रों) में धनुष, भी आप ही हैं ।५९।

वज्रः प्रहरणानां च व्रतानां सत्यमेव च ।
त्वमेव द्वेष इच्छा च रागो मोहः क्षमाक्षमे ।६०।

चलाये जानेवाले आयुधों में वज्र और व्रतों में सत्य भी आप ही हैं एवं आप ही द्वेष, इच्छा, राग, मोह, क्षमा, अक्षमा हैं ।६०।

व्यवसायो धृतिर्लोभः कामक्रोधौ जयाजयौ ।
त्वं गदी त्वं शरी चापी खट्वाङ्गी झर्झरो तथा।६१।

व्यवसाय, धैर्य, लोभ, काम, क्रोध, जय तथा पराजय हैं। आप गदा, बाण, धनुष, खाटका अङ्ग तथा झर्झर नामक अस्त्र धारण करनेवाले हैं ।६१।

छेत्ता भेत्ता प्रहर्ता त्वं नेता मन्ता पिता मतः ।
दशलक्षणसंयुक्तो धर्मोऽर्थः काम एव च ।६२।

आप छेदन, भेदन और प्रहार करने वाले हैं। सत्पथपर ले जानेवाले, शुभ का मनन करनेवाले तथा पिता माने गये हैं दस लक्षणोंवाला धर्म तथा अर्थ और काम भी आप ही हैं।६२।

गङ्गा समुद्राः सरितः पल्वलानि सरांसि च ।
लता वल्यस्तृणौषध्यः पशवो मृगपक्षिणः ।६३।

गङ्गा, समुद, नदियां, गड़हे, तालाब लता, बल्ली, तृण, ओषधि पशु, मृग, पक्षी, भी अप ही हैं ।६३।

द्रव्यकर्मसमारम्भः कालः पुष्पफलप्रदः ।
आदिश्चान्तश्च देवानां गायत्र्योंकार एव च ।६४।

द्रव्यऔर कर्मोंके आरम्भ तथा फूल और फल देनेवाला काल भी आप ही हैं। आप देवताओं के आदि और अन्त हैं। गायत्री मन्त्र और ॐकार भी आप ही हैं ।६४।

हरितो रोहितो नीलः कृष्णो रक्तस्तथारुणः ।
कद्रुश्च कपिलश्चैव कपोतो मेचकस्तथा ।६५।

हरित, लोहित, नील, कृष्ण, रक्त, अरुण, कद्रु, कपिल, कबूतर के समान तथा मेचक (श्याम मेघ के समान.ये दस प्रकार के रंग भी आपके ही स्वरूप हैं ।६५।

अवर्णश्च सुवर्णश्च वर्णकारो घनोपमः ।
सुवर्णनामा च तथा सुवर्णप्रिय एव च ।६६।

आप वर्णरहित होने के कारण अवर्ण और अच्छे वर्णवाले होने से सुवर्ण कहलाते हैं। आप वर्णों के निर्माता और मेघ के समान हैं। आपके नाम में सुन्दर वर्णों (अक्षरों) का उपयोग हुआ है, इसलिये आप सुवर्णनाम हैं तथा आपको श्रेष्ठ वर्ण प्रिय है ।६६।

त्वमिन्द्रश्च यमश्चैव वरुणो धनदोऽनलः ।
उपप्लवश्चित्रभानुः स्वर्भानुर्भानुरेव च ।६७।

आप ही इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर, अग्नि, सूर्य-चन्द्र का ग्रहण, चित्रभानु (सूर्य), राहु और भानु हैं ।६७।

होत्रं होता च होत्थं च हुतं चैव तथा प्रभुः ।
त्रिसौपर्णं तथा ब्रह्म यजुषाँ शतरुद्रियम् ।६८।

होत्र (स्रुवा), होता, हवनीय पदार्थ, हवन-क्रिया तथा (उसके फल देनेवाले) परमेश्वर भी आप ही हैं। वेद की त्रिसौपर्ण नामक श्रुतियों में तथा यजुर्वेद के शतरुद्रिय-प्रकरण में जो बहुत से वैदिक नाम हैं, वे सब आप ही के नाम हैं ।६८।

पवित्रं च पवित्राणाँ मङ्गलानां च मङ्गलम् ।
गिरिको हिंसको वृक्षो जीवःपुद्गल एव च ।६९।

आप पवित्रों के भी पवित्र और मङ्गलों के भी मङ्गल हैं। आप ही गिरिक (अचेतन को भी चेतन करनेवाले), हिंसक (गमनागमन करनेवाले), संसार-वृक्ष, जीव हैं ।६९।

प्राणः सत्त्वं रजश्चैव तमश्चाप्रमदस्तथा ।
प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च ।७०।

अप ही शरीर, प्राण, सत्व, रज, तम, अप्रमद (स्त्रीरहित -ऊर्ध्वरेता), प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, हैं ।७०।

उन्मेषश्च निमेषश्च क्षुतं जृम्भितमेव च ।
लोहितान्तर्गता दृष्टिर्महावक्त्रो महोदरः ।७१।

उन्मेष, निमेष (आंखों का खोलना मींचना), छींकना और जंमाई लेना आदि चेष्टाएं भी आप ही हैं। आपकी अग्निमयी लाल रंगकी दृष्टि भीतर छिपी हुई है। आपके मुखऔर उदर महान् हैं ।७१।

सूचीरोमा हरिक्ष्मश्रुरूर्ध्वकेशश्चलाचलः ।
गीतवादित्रतत्वज्ञो गीतवादनकप्रियः ।७२।

रोएं सूई के समान हैं। दाढ़ी मूछ काली है। सिरके बाल ऊपर की ओर उठे हुए हैं। आप चराचर-स्वरूप हैं। गाने-बजाने के तत्त्वको जाननेवाले हैं। गाना-बजाना आपको अधिक प्रिय है ।७२।

मत्स्यो जलचरोजाल्योऽकलःकेलिकलःकलिः ।
अकालश्चातिकालश्च दुष्कालः काल एव च ।७३।

आप मत्स्य, जलचर और जालधारी घड़ियाल हैं। फिर भी अकल (बन्धन से परे) हैं। आप केलिकलासे युक्त और कलहरूप हैं। आप ही अकाल, अतिकाल, दुष्काल तथा काल हैं ।७३।

मृत्युः क्षुरश्च कृत्यश्च पक्षोऽपक्षक्षयंकरः ।
मेघकालो महादंष्ट्रः संवर्तकबलाहकः ।७४।

मृत्यु, क्षुर (छेदन करने का शस्त्र), कृत्य (छेदन करने योग्य), पक्ष (मित्र) तथा अपक्ष-क्षयंकर (शत्रुपक्ष का नाश करनेवाले) भी आप ही हैं। आप मेघ के समान काले, बड़ी-बड़ी दाढ़ोवाले और प्रलयकालीन मेघ हैं ।७४।

घण्टोऽघण्टो घटी घण्टी चरुचेली मिलीमिली ।
ब्रह्मकायिकमग्नीनां दण्डी मुण्डस्त्रिदण्डधृक् ।७५।

घण्ट (प्रकाशवान्), अघण्ट (अव्यक्त प्रकाशवाले) घटी (कर्मफल से युक्त करनेवाले), घण्टी (घण्टावाले), चरुचेली जीवों

के साथ क्रीडा करनेवाले) तथा मिलीमिली कारणरूप से सब में व्याप्त)—ये सब आप ही हैं। आप ही ब्रह्म, अग्नियों के स्वरूप, दण्डी, मुण्ड तथा त्रिदण्डधारी हैं।७५।

चतुर्युगश्चतुर्वेदश्चातुर्होत्रप्रवर्तकः ।
चातुराश्रम्यनेता च चातुर्वर्ण्यकरश्च यः ।७६।

चार युग और चार वेद आपके ही स्वरूप हैं तथा चार प्रकार के होतृ-कर्मों के प्रवर्तक आप ही हैं। आप चारों आश्रमों के नेता तथा चारों वर्णों की सृष्टि करनेवाले हैं।७६।

सदा चाक्षप्रियो धूर्तो गणाध्यक्षो गणाधिपः ।
रक्तमाल्याम्बरधरो गिरिशो गिरिकप्रियः ।७७।

आप ही अक्षप्रिय, धूत, गणाध्यक्ष और गणाधिप आदि नामों से प्रसिद्ध हैं। आप रक्त वस्त्र तथा लाल फलों की माला पहनते हैं, पर्वत पर शयन करते और गेरुए वस्त्र से प्रेम रखते हैं।७७।

शिल्पिकः शिल्पिनां श्रेष्ठः सर्वशिल्पप्रवर्तकः ।
भगनेत्रांकुशश्चण्डः पूष्णो दन्तविनाशनः ।७८।

आप ही शिल्पियों में सर्वश्रेष्ठ शिल्पी (कारीगर) तथा सब प्रकार की शिल्पकला के प्रवर्तक हैं। आप भगदेवता की आंख फोड़ने के लिये अंकुश, चण्ड (अत्यन्त कोप करनेवाले) और पूषा के दांत नष्ट करनेवाले हैं।७८।

स्वाहा स्वधा वषट्कारो नमस्कारो नमो नमः ।
गूढव्रतो गुह्यतपास्तारकस्तारकामयः ।७९।

स्वाहा, स्वधा, वषट्, नमस्कार और नमो नम आदि पद आपके ही नाम हैं। आप गूढ़ व्रतधारी, गुप्त तपस्या करनेवाले, तारकमन्त्र और ताराओं से भरे हुए आकाश हैं।७६।

धाताविधाता संधाता विधाता धारणोऽधरः।
ब्रह्मा तपश्च सत्यं च ब्रह्मचर्यमथार्जवम्।८०।

धाता (धारण करनेवाले), विधाता (सृष्टि करनेवाले), संधाता (जोड़नेवाले), विधाता, धारण और अधर (आधाररहित) भी आपही के नाम हैं। आप ब्रह्मा, तप; सत्य, ब्रह्मचर्य आर्जव (सरलता), हैं।८०।

भूतात्मा भूतकृद्भूतो भूतभव्यभवोद्भवः।
भूर्भुवः स्वरितश्चैव ध्रुवो दान्तो महेश्वरः।८१।

भूतात्मा (प्राणियों के आत्मा), भूतों की सृष्टि करनेवाले, भूत (नित्यसिद्ध), भूत, भविष्य और बर्तमान की उत्पत्ति के कारण, भूलोक, भुवलोक, स्वलोक, ध्रुव (स्थिर), दान्त (दमनशील) और महेश्वर हैं।८१।

दीक्षितोऽदीक्षितः क्षान्तो दुर्दान्तोऽदान्तनाशनः।
चन्द्रावर्तो युगावर्तः संवर्तः सम्प्रवर्तकः।८२।

दीक्षित (यज्ञ की दीक्षा लेनेवाले), अदीक्षित, क्षमावान्, दुर्दान्ति, उद्दण्ड प्राणियों का नाश करनेवाले, चन्द्रमा की आवृत्ति करनेवाले (मास), युगों की आवृत्ति करनेवाले (कल्प). संवर्त (प्रलय) तथा सम्प्रवर्तक (पुनः सृष्टि-सचालन करनेवाले) भी आप ही हैं।८२।

कामो बिन्दुरणुः स्थूलः कर्णिकारस्रजप्रियः ।
नन्दीमुखो भीममुखः सुमुखो दुर्मुखोऽमुखः ।८३।

आप ही काम, बिन्दु, अणु (सूक्ष्म) और स्थूलरूप हैं। आप कनेर के फूल की माला अधिक पसद करते हैं। आप ही नन्दीमुख, भीममुख (भयंकर मुखवाले), सुमुख, दुर्मुख, अमुख (मुखरहित), हैं ।८३।

चतुर्मुखो बहुमुखो रणेष्वग्निमुखस्तथा ।
हिरण्यगर्भः शकुनिर्महोरगपतिर्विराट् ।८४।

चतुर्मुख, बहुमुख तथा युद्ध के समय शत्रुका सहार करने के कारण अग्निमुख (अग्नि के समान मुखवाले) हैं। हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा), शकुनि (पक्षीके समान असङ्ग), महान् सर्पों के स्वामी (शेषनाग) और विराट् भी आप ही हैं ।८४।

अधर्महा महापार्श्वश्चण्डधारो गणाधिपः ।
गोनर्दो गोप्रतारश्च गोवृषेश्वरवाहनः ।८५।

आप अधर्म के नाशक, महापार्श्व, चण्डधार, गणाधिप, गोनर्द, गौओको आपत्ति से बचानेवाले, नन्दी की सवारी करनेवाले हैं ।८५।

त्रैलोक्यगोप्ता गोविन्दो गोमार्गोऽमार्ग एव च ।
श्रेष्ठःस्थिरश्च स्थाणुश्च निष्कम्पः कम्प एव च ।८६।

आप ही त्रैलोक्य रक्षक, गोविन्द (श्रीकृष्णरूप), गोमार्ग

(इन्द्रियोंके संचालक), अमार्ग (इन्द्रियों के अगोचर), श्रेष्ठ, स्थिर, स्थाणु, निष्कम्प और कम्प हैं ।८६।

दुर्वारणो दुर्विषहो दुःसहो दुरतिक्रमः ।
दुर्धर्षो दुष्प्रकम्पश्च दुर्विषो दुर्जयो जयः ।८७।

आप ही दुर्वारण (जिनका सामना करना कठिन है, ऐसे), दुर्विषह (असह्य वेगवाले), दुःसह, दुर्लंघ्य, दुर्द्धर्ष दुष्प्रकम्प, दुर्विष, दुर्जय, जय हैं ।८७।

शशः शशाङ्कः शमनः शीतोष्णक्षुज्जराधिकृत् ।
आधयो व्याधयश्चैव व्याधिहा व्याधिरेव च ।८८।

